एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, डोंगरिया, ब्लॉक–मरवाही, जिला–गौरेला–पेण्ड्रा मरवाही, छत्तीसगढ़

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डोंगरिया में शिक्षण सत्र 2026 - 27 में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु महत्वपूर्ण तिथियां :

वेबसाइट में आवेदन फार्म प्रारंभ की तिथि	**08 January 2026**
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि	**07 February 2026**
ऑनलाइन भरे फार्म में त्रुटि सुधार की तिथि	**08-10 February 2026**
प्रवेश परीक्षा की तिथि	**01 March 2026 (रविवार)**

प्रवेश परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने हेतु हेल्प डेस्क एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डोंगरिया में उपलब्ध है किसी भी प्रकार की सहायता के लिए **प्रवेश प्रभारी (SAWAN KUMAR – 7015000860,9116275265)** से **विद्यालय अवधि** में संपर्क कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त ऑनलाइन आवेदन फार्म में प्रधान पाठक द्वारा विद्यार्थी के संबंध में एक प्रपत्र दिया गया है जिसे भरकर ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में अपलोड किया जाना है .संबंधित प्रधान पाठक प्रपत्र का परीक्षण कर सही जानकारी भरकर हस्ताक्षर कर विद्यार्थी एवं पालक को उपलब्ध कराए।

ऑनलाईन प्रवेश चयन प्रक्रिया (कक्षा 6वीं हेतु) वर्ष 2026-27 :-

कक्षा 6वीं में प्रवेश एक प्रवेश परीक्षा के माध्यम से लिया जायेगा। जिसे Eklavya Model Residential School Selection Test (EMRSST) कहा जायेगा। प्रवेश लेने वाले इच्छुक विद्यार्थियों को EMRSST में शामिल होना पड़ेगा तथा अर्हता अर्जित करनी होगी।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु पात्रता का मापदंड का विवरण निम्नानुसार है :-

1. विद्यार्थी की **आयु 31 मार्च/ 01 अप्रैल 2026** को 10 से 13 वर्ष के मध्य हो।
2. प्रवेश के समय कक्षा 5वीं उत्तीर्ण होना चाहिए (औपचारिक / अनौपचारिक) ।
3. छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी हो।
4. छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा घोषित जनजातीय वर्ग / समुदाय का सदस्य हो।
5. विद्यार्थी को किसी अन्य विद्यालय से निष्काषित न किया गया हो।

टीप :- दिव्यांग विद्यार्थियों के लिये आयु सीमा में अधिकतम 02 वर्ष, की छूट रहेगी ।

प्रवेश के आनलाईन फार्म भरने के लिए हेल्प डेस्क एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डोंगरिया में उपलब्ध है। कृपया प्रवेश संबंधी सभी दस्तावेज साथ लेके आवें।

अभिभावकों द्वारा पूरी भर्ती प्रक्रिया में किसी भी विद्यालय कर्मचारी को किसी भी प्रकार के किसी शुल्क को देने की आवश्यकता नहीं है। किसी कर्मचारी के द्वारा कोई शुल्क के मांगने पर विद्यालय प्राचार्य को सूचित करें। सभी संस्था प्रमुखों से अनुरोध है कि वे आनलाईन फार्म भरने तथा किसी अन्य प्रवेश संबंधी सहायता के लिए प्राचार्य डोंगरिया (मो. नं. 7647088280) से संपर्क कर सकते हैं।